खबर संक्षेप

## रैन बसेरा बना बेघरों का सहारा



**मण्डला।** वर्तमान में पडऩे वाली कड़ाके की ठंड से जहां आमजन परेशान है वही नगर पालिका द्वारा संचालित बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में बेघरों को रुकने के लिए उचित व्यवस्था की है वर्तमान में रैन बसेरा में 15 पुरुष एवं 10 महिलाओं के रुकने की व्यवस्था है जिसमे पलंग, गद्दा, चादर, तकिया, कंबल एवं पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय एवं नहाने के लिए हीटर द्वारा गर्म पानी एवं नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था आश्रय स्थल में प्रतिदिन उपलब्ध कराई जा रही है। रुकने वाले हितग्राहियों से चर्चा की गई उनके द्वारा व्यवस्थाओं के लिए संतोष व्यक्त किया गया समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाता है । नगरपालिका परिषद द्वारा अपील की गई है कि सार्वजनिक स्थलो में सोने वाले व्यक्तियो को आश्रय स्थल पर पहुंचाने का कष्ट करे। आश्रय स्थल संपर्क-श्री बाबूदास बैरागी नगरपालिका परिषद मंडला मोबाइल नंबर 9617497234 में सम्पर्क कर सकते हैं।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला।** राजा भैया, ग्राम पोतला तहसील नारायणगंज निवासी की 30 जुलाई 2025 को नाला के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान को आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पुत्री धरमी बाई के खाते में 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जर्जर भवन, अधूरा रसोईघर और पेड़ के नीचे चल रहा स्कूल

# गजबे है जिले की शिक्षा व्यवस्था





* जर्जर भवन में अध्यापन नहीं, आदेश निकालकर फुर्सत हुआ विभाग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर, जनपद पंचायत मण्डला की ग्राम पंचायत देवगांव के पोषक ग्राम तलैया टोला में प्राथमिक शाला की हालत बदहाल है। शाला भवन पूरी तरह जर्जर होने के कारण पिछले एक वर्ष से स्कूल का संचालन खुले आसमान के नीचे पेड़ की छाव में करना पड़ रहा है। वहीं, रसोईघर का निर्माण कार्य भी आज तक पूरा नहीं हो पाया है।

जानकारी के अनुसार तलैया टोला प्राथमिक शाला में 26–27 बच्चे अध्ययनरत हैं। स्कूल भवन का निर्माण वर्ष 2002 में ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया था, जो चार–पांच साल से खराब स्थिति में है। लगभग एक वर्ष पूर्व पी. डब्ल्यू. डी. ने भवन को जर्जर घोषित कर दिया। इसके बावजूद स्कूल संचालन के लिए विभाग की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। मजबूरी में शाला प्रबंधन और ग्रामीणों ने पंचायत की अनुमति लेकर पहले रंगमंच में स्कूल चलाना शुरू किया, परंतु दीपावली के आसपास वहां सड़क निर्माण शुरू हो गया, जिसके कारण मटेरियल वाहनों की आवाजाही बच्चों के लिए खतरा बन गई।

गांव में निजी घर देने की पहल भी असफल रही। ऐसे में शाला प्रबंधन के पास पेड़ के नीचे खुले में स्कूल चलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। जर्जर भवन में प्रवेश वर्जित होने के कारण आज बच्चे खुले आसमान में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

बच्चों ने भी जताया आक्रोश। उनका कहना है कि बड़े लोग तो अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ा लेते हैं, लेकिन गरीब बच्चों को ऐसी परिस्थिति में पढ़ाई छोड़नी पड़ सकती है। खुले स्थान में स्कूल संचालित होने से जानवरों, जहरीले कीड़े-मकोड़ों और बाजू से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का खतरा बना रहता है। शाला परिसर में बाउंड्रीवॉल तक नहीं है।



स्कूल शिक्षक संतोष सोनी ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा और उचित अध्यापन व्यवस्था न होना बेहद चिंता का विषय है। इस संबंध में लगातार जिला शिक्षा केंद्र को पत्राचार एवं व्यक्तिगत जानकारी दी गई है। नए भवन की मांग भी बार-बार रखी गई, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकल सका। अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और टिप्पणी लिखकर वापस चले जाते हैं।

श्री सोनी ने सवाल उठाया कि यदि इस बीच कोई दुर्घटना हो जाती है तो दोष शिक्षक को ही ठहराया जाएगा, जबकि वास्तविक जिम्मेदारी विभाग की है जिसने आज तक भवन उपलब्ध नहीं कराया। विभाग की ओर से जवाब मिलता है कि भवन अनुमोदन हेतु प्रस्ताव भोपाल भेजा गया है, स्वीकृति मिलने पर निर्माण कराया जाएगा। तब तक बच्चों को कहां बैठाकर पढ़ाया जाए - यह सबसे बड़ी विडंबना है।

जिले की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते इस हालात ने प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है। ग्रामीणों व शिक्षक ने शीघ्र नए स्कूल भवन निर्माण एवं सुरक्षित व्यवस्था की मांग की है।

### इनका कहना है -

*जिले के कई शासकीय स्कूलों में भवनों का अभाव है तथा अनेक भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं। ऐसी परिस्थितियों में मासूम बच्चों से गुणवत्ता-युक्त शिक्षा की अपेक्षा करना कठिन है। यह स्थिति सरकार की घोषणाओं को भी खोखला साबित करती है। मैंने जिले के जर्जर स्कूल भवनों की विस्तृत सूची भोपाल मंत्रालय को प्रेषित कर दी है। मेरी सरकार से विनम्र अपील है कि जिले के सभी विद्यालयों के भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य को शीघ्र प्राथमिकता दी जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण और बेहतर शिक्षा मिल सके।*

**-चैन सिंह बरकड़े,**
**विधायक, विधान सभा क्षेत्र निवास, मण्डला**

*तलैया टोला प्राथमिक शाला भवन के निर्माण कार्य को इस वर्ष की वार्षिक कार्ययोजना में अनिवार्य रूप से स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जाएगा।*

**-कुलदीप कठल,**
**डीपीसी, मण्डला**

# हिंदू सम्मेलन कार्यालय का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सकल हिंदू समाज द्वारा 18 जनवरी 2026 को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन के लिए तैयारियों के क्रम में बुधवार 5 दिसंबर को बस स्टैंड के पीछे स्थित कुंभ सभागार में हिंदू सम्मेलन कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूज्य संत स्वामी शारदात्मानंद (संचालक, रामकृष्ण आश्रम मंडला), स्वामी वेदत्वानंद, श्री नीलू महाराज सहित संगठन के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, गणमान्य नागरिक तथा मातृशक्ति उपस्थित रहीं। आयोजन समिति के संयोजक सुधीर कांसकार ने बताया कि हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट कर स्थानीय स्तर पर नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। इसके तहत देशभर में एक लाख हिंदू सम्मेलन समितियों के गठन का लक्ष्य है, ताकि लव जिहाद, मतांतरण तथा अन्य सामाजिक समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जा सके।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन का मूल भाव हिंदू समाज को एक मंच पर लाना, सामाजिक समरसता बढ़ाना और राष्ट्रहित में जिम्मेदार समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्यों को भी प्रमुखता दी जाएगी। समिति गठन में मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी को विशेष महत्व दिया जा रहा है। मातृशक्ति को नेतृत्व की भूमिका भी प्रदान की जाएगी, ताकि समाज के सभी वर्गों को जोड़कर व्यापक एकता स्थापित की जा सके।

## जिला स्तरीय होमगाड्र्स एवं सिविल डिफेंस स्थापना दिवस समारोह 6 दिसंबर को

**मण्डला।** जिला स्तरीय होमगाड्र्स एवं सिविल डिफेंस स्थापना दिवस समारोह 6 दिसंबर को कार्यलय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगाड्र्स सिविल डिफेंस एवं आपदा प्रबंधन मंडला में आयोजित किया जायेगा। समारोह नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा के मुख्य आतिथ्य एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10:05 बजे मुख्य अतिथि को परेड द्वारा सलामी दी जायेगी एवं परेड का निरीक्षण किया जायेगा। प्रातः 10:10 बजे मार्चपास्ट एवं समीक्षा क्रम, प्रातः 10:20 बजे मुख्य अतिथि का उद्बोधन, 10:35 बजे मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया जायेगा।

# शटर तोड़कर मिष्ठान भण्डार में घुसा चोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कुछ दिनों पहले सिटी कोतवाली अंतर्गत कटरा के पास लाखों रुपए की ज्वेलरी की लूट के साथ दुकान संचालक को गोली मारने की घटना के बाद भी पुलिस द्वारा शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लापरवाही ही देखने को मिल रही है। गुरुवार -शुक्रवार की मध्य रात्रि सिटी कोतवाली अंतर्गत एक मिष्ठान विक्रेता के यहां चोर द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई है। सीसीटीवी कैमरा के अनुसार लगभग चार घंटे तक दुकान की शटर खोलकर चोर दुकान के अंदर और बाहर आता जाता रहा, लेकिन इस दौरान इस वारदात की जानकारी पुलिस को नहीं लग पाई। लोगों कहना है कि यदि पुलिस गश्त करती होती तोचोर मौके पर ही पकड़ा जा सकता था। अब लोगों में यह भय सताने लगा है की न जाने कब चोर लुटेरे उनके घर, दुकानों पर वारदात को अंजाम दे दें। चर्चित मिष्ठान विक्रेता मधुरम स्वीट में गुरुवार शुक्रवार की मध्य रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा चोरी घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति पहले दुकान के बाहर कं ब ल ओढ़कर सोने का दिखावा करता है। इसके बाद दुकान की शटर के पास जाकर सो जाता है और उसके बाद दुकान की शटर में लगे एक-एक करके दो ताले तोड़कर दुकान के अंदर चला जाता है। दुकान के अंदर की दराज को खोलने की नाकाम कोशिश करने पर उक्त शख्स दराज को खोलने का प्रयास करता दिखाई दे रहा है लेकिन जब दराज नहीं खुलता तो वह पूरी दराज को उठाकर दुकान के बाहर ले जाकर उसके अंदर सामान ढूंढने की कोशिश करता है दराज में कोई सामान नहीं मिलने पर एक बार फिर दुकान के अंदर आता है और करीब 3 घंटे तक दुकान के अंदर एक-एक काउंटर में जाकर कीमती समान खोजता है लेकिन जब सफल नही हो पाता तो फिर दो मोबाइल जो शायद कर्मचारियों के थे उन्हें लेकर चला जाता है।

**आयोजन** | कलेक्टर एवं एसपी हुए शामिल, विद्यार्थियों को दी प्रेरणादायक सीख।

# केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन

* कलेक्टर ने एक दिवसीय अवकाश की घोषणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय मंडला में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उत्सवमय वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं एसपी रजत सकलेचा ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, समूहगान सहित विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री आरएस गुलाटी, पालक शिक्षक संघ के सदस्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

एसपी श्री सकलेचा ने केंद्रीय विद्यालय से अपने जुड़ाव और विद्यार्थी जीवन की स्मृतियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने चार वर्ष केंद्रीय विद्यालय में पढ़ाई की है, इसलिए इस विद्यालय से उनका गहरा लगाव है। जब भी मैं केंद्रीय विद्यालय के सामने से गुजरा तो अपना बचपन, अपनी कक्षाएँ ख़ुद ही याद आ जाते हैं। ऐसा लगता है मानो मैं फिर से अपने उन्हीं दिनों में लौट आया हूँ। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ देश के अलग-अलग राज्यों से बच्चे और शिक्षक आते हैं, जिससे विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता है और उनकी सोच का दायरा व्यापक बनता है।



लाइब्रेरी, मैगजीन और न्यूजपेपर ने हमें हमेशा नई जानकारी से जोड़े रखा। यह वातावरण छात्रों को आत्मविश्वासी और जागरूक बनाता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नई शिक्षा नीति में जिन मूलभूत बातों पर जोर दिया गया है बहुभाषिकता, रचनात्मकता, राष्ट्रीय एकता, समग्र विकास वे सब केंद्रीय विद्यालयों में पहले से ही मौजूद हैं। विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन को जीवन की सबसे बड़ी पूँजी बताते हुए कहा कि देश का भविष्य आज के बच्चे हैं और उनके अंदर छुपी प्रतिभा को पहचाना एवं निखारा जाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को साइबर सुरक्षा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने कलेक्टर और एसपी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक आयोजनों की निरंतरता का संकल्प लिया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौंद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति बिरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एॅम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## यातायात एवं परिवहन विभाग की संयुक्त वाहन चेकिंग कार्रवाई



**शहपुरा।** डिंडोरी जिले में यातायात व्यवस्था सुधारने एवं नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज यातायात और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई गुप्त रूप से की गई, जिसमें नियम विरुद्ध वाहन संचालन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 7900 रुपए का राजस्व वसूला गया। कार्रवाई के दौरान परिवहन अधिकारी सुरेंद्र गौतम सहित यातायात एवं परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी एवं अमला उपस्थित रहा। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक में निर्वाणाष्टकम स्तोत्र का पाठ प्रारंभ

**अमरकंटक।** आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व की पावन नगरी अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में 4 से 10 दिसंबर तक सप्त दिवसीय "चिदानंद रूपः शिवोऽहम शिवोऽहम" से अलंकृत आदि गुरु शंकराचार्य विरचित निर्वाणाष्टकम स्तोत्र का पावन पाठ प्रारंभ हुआ है। यह पाठ व्यासपीठाधीश आचार्य ब्रह्मऋषि पूज्यपाद श्री किरीट भाई जी के श्रीमुख से संपन्न हो रहा है। गुरुवार, 4 दिसंबर की प्रातः 9 बजे मृत्युंजय आश्रम से गरिमामय, धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो भजन-कीर्तन करते हुए पतित पावनी माँ नर्मदा के उद्गम स्थल तक पहुँची। उद्गम कुंड एवं मंदिर परिसर में पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया गया। इसके पश्चात आश्रम में निर्वाणाष्टकम स्तोत्र पाठ का शुभारंभ हुआ, जो सात दिनों तक अनवरत रूप से जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि यह सप्त दिवसीय निर्वाणाष्टकम स्तोत्र पाठ राजस्थान प्रांत के जयपुर निवासी खेडवाल जोशी परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में जोशी परिवार के शुभचिंतक, भक्तगण एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम की आध्यात्मिक गरिमा में वृद्धि कर रहे हैं।

## संकल्प महाविद्यालय एवं एचडीएफसी बैंक ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**अनूपपुर।** संकल्प महाविद्यालय द्वारा 5 दिसंबर को महाविद्यालय में एचडीएफसी बैंक के साथ सयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रक्तदान शिविर मे बतौर मुख्य अतिथ्य सीएमएचओ डॉ अलका तिवारी जी के साथ -साथ एचडीएफसी के शाखा प्रबंध मिथिलेश भारती की उपस्थिति रही। शिविर में बड़ी संख्या में छात्रों और स्टाफ़ सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवीय सेवा की मिसाल पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधन और डॉ निलेश द्विवेदी, लैब टेक्नीशियन भाईलाल पटेल एवं अन्य स्टॉफ की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ डॉ. अल्का तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक जीवनरक्षक कदम है, जो किसी अनजान व्यक्ति को नई जिंदगी देने की क्षमता रखता है। उन्होंने सुरक्षित रक्तदान की प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही कॉलेज प्रबंधक ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति है। रक्तदान जैसे कार्यों में भाग लेकर विद्यार्थी न केवल दूसरों की मदद करते हैं, बल्कि अपने भीतर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। प्रबंधक ने विद्यार्थियों को नियमित स्वास्थ्य जाँच, सुरक्षित रक्तदान और समाज सेवा से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रहने के सुझाव दिए।

# कलेक्टर ने मां की बगिया, नर्सरी एवं आवास योजनाओं का किया निरीक्षण





**डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने ग्राम पंचायत धौरई, औरई एवं उदरी में मनरेगा योजना के तहत संचालित विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से सीधा संवाद कर कार्यों की वास्तविक स्थिति जानी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।**

### मां की बगिया का निरीक्षण

ग्राम पंचायत धौरई में मनरेगा योजना से निर्मित मां की बगिया का कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण किया। लगभग 1.91 लाख रुपये की लागत से तैयार इस बगिया में हितग्राही श्रीमती सीताबाई द्वारा एक एकड़ भूमि में आम और कटहल के 50 पौधे लगाए गए हैं। कलेक्टर ने पौधों की स्थिति का जायजा लेते हुए सीताबाई को सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र में बांस की बाड़ (फेंसिंग) लगाने के निर्देश दिए, ताकि पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें।

ग्राम धौरई रैयत में रोशनी आजीविका स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित नर्सरी का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर भदौरिया ने आम, कटहल, बांस, अर्जुन, मुनगा, खमेर, शहतूत, नीम एवं सब्जियों के उत्पादन की सराहना की। उन्होंने स्वयं नर्सरी से तीन पौधे भी खरीदे।कलेक्टर ने सीईओ जनपद डिंडौरी एवं मनरेगा परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में होने वाले वृक्षारोपण के लिए पौधों की खरीदी इन्हीं स्थानीय नर्सरियों से प्राथमिकता के आधार पर की जाए, जिससे स्व-सहायता समूहों की आय में वृद्धि हो सके।

### ग्राम उदरी में पौधरोपण एवं आवास योजनाओं का निरीक्षण

ग्राम पंचायत उदरी में मनरेगा योजना से लगभग 4.39 लाख रुपये की लागत से आम, बरगद, कटहल, गुलमोहर, मुनगा, अर्जुन आदि पौधों का वृक्षारोपण किया गया है। कलेक्टर ने पौधरोपण क्षेत्र का निरीक्षण कर स्वयं अर्जुन का पौधा लगाया और ग्रामीणों से पौधों की सुरक्षा को अपना दायित्व मानने की अपील की।इसी दौरान कलेक्टर ने पीएम आवास एवं जन-मन आवास हितग्राही योजनाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राही गंगाराम मरावी और शिवकुमार मरावी से चर्चा की। कलेक्टर ने उनके पिता श्री झनकुलाल मरावी की कच्चे मकान में रहने की जानकारी मिलने पर दोनों पुत्रों को बुलाकर कहा कि जिस पिता ने आपको सक्षम बनाया है, उन्हें सर्वप्रथम पक्के मकान में रहने की सुविधा मिलनी चाहिए। इस संवेदनशील पहल पर झनकुलाल ने मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।निरीक्षण के दौरान गांव की कलकतिया बाई और भंवर सिंह ने बताया कि उन्हें शासकीय कार्यों में मजदूरी उपलब्ध नहीं कराई जाती। कलेक्टर ने इस पर तत्काल संबंधित सचिव को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जल उपलब्धता पर निर्देश

ग्रामीणों द्वारा पानी की समस्या रखे जाने पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को तीन दिनों के भीतर पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान ग्रामीण यंत्रिकी आरईएस ईई ललित कुमार, सीइओ जनपद डिंडौरी प्रदीप ओझा, तहसीलदार शशांक शेंडे, मनरेगा प्रभारी प्रदीप शुक्ला सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कोदो-कुटकी खरीदी केंद्र और स्टॉप डैम का कलेक्टर ने किया औचक निरिक्षण



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हुए कोदो-कुटकी खरीदी केंद्र तथा स्टॉप डैम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए और व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने निगवानी स्थित कोदो-कुटकी खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। जिले में 5500 किसानों ने पंजीयन कराया है जे 1 दिसंबर 2025 से नियमित रूप से उपार्जन केंद्र संचालित हैं। आज कलेक्टर ने कोदो-कुटकी खरीदी केंद्र निगवानी पहुंची, जहां पर केंद्र में उपसथित किसानों का कलेक्टर ने तिलक वंदन कर सम्मानित किया। उन्होंने श्री गंगाराम परमार, श्रीमती नरबदिया ग्राम मढियारास के किसानों से चर्चा कर खरीदी की स्थिति जानी और करंजिया मिलेट फार्मर प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड से चर्चा कर प्रोसेसिंग यूनिट की मशीनों का अवलोकन किया। मशीन के द्वारा एक घंटे में चार क्विंटल कोदो की प्रोसेसिंग की जाती है। कलेक्टर ने बताया कि शासन द्वारा किसानों के हित में कोदो-कुटकी खरीदी का निर्णय ऐतिहासिक है, जिससे किसानों को बाजार भाव से अधिक लाभ मिल रहा है। कोदो का समर्थन मूल्य (ग्रेड-I) बोनस सहितः 3500 प्रति क्विंटल कुटकी का समर्थन मूल्य (ग्रेड-I) बोनस सहितः 4500 प्रति क्विंटल

### ग्राम धौरई में स्टॉप डैम निर्माण कार्य का निरीक्षण

कलेक्टर ने पंचायत औरई के ग्राम धौरई में कुंजन नाला पर निर्मित स्टॉप डैम का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता तथा जल-संग्रहण की व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया। कलेक्टर ने पानी रोको अभियान को गंभीरता से लेते हुए लोक स्वास्थ्य यंत्री ई को सख्त निर्देश दिए है की जिले के 1560 स्टॉप डैमों पर गेट लगायं जाये ताकि किसानों और पशु-पक्षी और जानवरों को पर्याप्त पानी उपलब्धता के साथ-साथ किसानों के लिए सिंचाई क्षमता बढ़ेगी और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने कार्य की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने टीम को दी बधाई

**डिंडौरी।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (**SIR**)–2025 का कार्य तेजी से संचालित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन, प्रशासनिक टीम की सतत निगरानी और समन्वित कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप यह कार्य जिले में शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।मतदाता गणना पत्रकों के सत्यापन एवं बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइजेशन की अंतिम तिथि 04 दिसंबर 2025 निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 11 दिसंबर 2025 किया गया था, लेकिन डिंडौरी जिले ने निर्धारित समयसीमा से काफी पहले 30 नवंबर 2025 को ही दोनों विधानसभा क्षेत्रों 103 शहपुरा (अजजा) तथा 104 डिंडौरी (अजजा) में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य सौ प्रतिशत पूरा कर लिया। इस उपलब्धि के साथ डिंडौरी जिला राज्य में चौथे स्थान पर रहा, जो प्रशासनिक दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि **SIR**–2025 के अंतर्गत हासिल किया गया यह परिणाम



जिले की टीम भावना, अनुशासन, प्रतिबद्धता और सुनियोजित कार्यप्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर के कार्य को समय-सीमा से पूर्व पूर्ण करना यह दर्शाता है कि जिले के अधिकारी-कर्मचारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने के प्रति अत्यंत संवेदनशील और जिम्मेदार हैं। कलेक्टर ने जिले के समस्त मतदाताओं को भी पुनरीक्षण कार्य में सहयोग हेतु धन्यवाद देते हुए कहा कि मतदाताओं ने अपने अधिकार तथा दायित्व के प्रति जागरूकता दर्शाकर यह सफलता संभव बनाई है। कलेक्टर के निर्देशन में इस व्यापक कार्य को पूर्ण करने में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी. यादव, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री एश्वर्य वर्मा, सुश्री भारती मेरावी, अनुविभागीय अधिकारी बजाग श्री रामबाबू देवांगन, तहसीलदार और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री आर.पी. मार्को, श्री सुन्दर लाल यादव, तहसीलदार बजाग श्री भरत सिंह बट्टे, नायब तहसीलदार श्री शासांक शेण्डे, श्री आशुतोष मिश्रा, श्री सुकमन सिंह कुलेश, श्री शैलेष गौर, श्री तेजलाल धुर्वे तथा अन्य विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ, सहायक प्रोग्रामर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका और वन ग्रामों में तैनात वनरक्षकों की सक्रिय भागीदारी भी इस सफलता में निर्णायक रही।विशेष रूप से बीएलओ ने रीढ़ की हड्डी की तरह समर्पण, निरंतरता और सूक्ष्म कार्यप्रणाली से गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन को सुचारू, सटीक एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर जिले को समय से पूर्व शत-प्रतिशत उपलब्धि दिलाई।

# डिण्डौरी पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान सफल, 29 गुमशुदा बच्चे सकुशल घर लौटे

डिण्डौरी



जिले में नाबालिग बच्चों की सुरक्षा और गुमशुदा बालक-बालिकाओं की खोज पर केंद्रित विशेष अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" एक माह तक चलाया गया। यह अभियान 1 से 30 नवंबर 2025 तक संचालित हुआ और पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी श्रीमती वाहनी सिंह के मार्गदर्शन में उल्लेखनीय रूप से सफल रहा। अभियान का उद्देश्य गुमशुदा बच्चों की दस्तयाबी, बालिकाओं के पलायन पर रोक, साइबर और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता तथा छात्राओं को सुरक्षा व करियर संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना रहा।

अभियान के दौरान जिले के सभी शिक्षण एवं आवासीय संस्थानों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह ने पाँच प्रमुख कार्यक्रमों में स्वयं उपस्थित होकर बालिकाओं से संवाद किया और आवश्यक सुरक्षा सुझाव साझा किए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने छह कार्यक्रमों में भाग लिया, जबकि जिले के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा उन्चास, थाना और चौकी प्रभारियों द्वारा एक सौ बत्तीस तथा अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा पैंतालीस कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुल दो सौ दो शैक्षणिक संस्थानों में दो सौ सैंतीस कार्यक्रमों के माध्यम से बीस हजार चार सौ पचासी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

गुमशुदा बच्चों की खोज में इस अभियान ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। कुल 29 बच्चों को विभिन्न राज्यों से दस्तयाब किया गया, जिनमें 27 बालिकाएँ और 2 बालक शामिल रहे। इनमें केरल से पाँच, कर्नाटक, राजस्थान और तेलंगाना से एक-एक, महाराष्ट्र से दो, छत्तीसगढ़ और दिल्ली से एक-एक बच्चा बरामद किया गया। मध्यप्रदेश में जबलपुर और विदिशा से एक-एक तथा डिण्डौरी जिले से 15 बच्चों को सुरक्षित ढूँढकर परिजनों को सौंपा गया। यह सफलता डिण्डौरी पुलिस की तत्परता और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण मानी जा रही है।

अभियान में विशेष मेहनत और लगन से काम करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा नकद पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।डिण्डौरी पुलिस ने इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और हर परिवार का विश्वास बनाए रखना ही पुलिस का संकल्प है।

# कलेक्टर ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण





**डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शुक्रवार को बालपुर स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की साफ-सफाई, संरचना, पहुंच मार्ग एवं आसपास की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रतिमा परिसर के सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आगंतुकों के लिए सुविधाएं बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रानी अवंतीबाई जैसी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की स्मृतियों से जुड़े इस स्थान का संरक्षण और संवर्धन प्रशासन की प्राथमिकता है।

इसी के साथ कलेक्टर ने जोगी टिकरिया ग्राम हनौता में परिक्रमा वासियों को सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से नर्मदा परिक्रमा पथ पर नर्मदा आश्रय का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। जिसे कलेक्टर शासकीय अमला के साथ एंव सांस्कृतिक विभाग के अधिकारी की उपस्थिति में आश्रय स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत जोगी टिकरिया में संचालित बैगा चक महिला किसान उत्पादक प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड का निरिक्षण किया जहां पर कोदो-कुटकी, रागी, मिलेट्स मोटे अनाज का मशीन के द्वारा छनाई, बुनाई एवं मिलिंग कर नये प्रोडक्ट तैयार किये जाते है। मशीन संचालक कृष्ण मोहन शर्मा ने बताया की कोदो कुटकी की प्रोसेसिंग एक घंटे में पांच क्विटंल कोदो कुटकी की प्रोसेसिंग कर पैक किया जाता है। उन्होने बताया की वर्ष 2026 में 2000 मेट्रिक टन कोदो कुटकी और रागी की प्रोसेसिंग की जाएगी। कलेक्टर ने एनआरएलएम को निर्देश दिए की कितने स्व सहायता समूह कितना उत्पादन कितना विक्रय, पैकिंग की क्षमता जानी और कहा की जिले के सभी समूहो को कोदो कुटकी का क्रय कर शासन के निर्धारित मूल्य पर उपार्जन केंद्र में किसानों को जाग्रत कर पहुचायें जिससे शासन की योजना का लाभ मिल सकें। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शासकीय कन्या शिक्षा परिसर रयपुरा का निरीक्षण कर छात्रावास व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावासों में स्थापित किए जाने हेतु प्रस्तावित रोटी बनाने की मशीन का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि बड़े छात्रावासों में रोटी बनाने की मशीन लगाने से भोजन व्यवस्था अधिक सुचारू, व्यवस्थित और समयबद्ध हो सकेगी। इससे छात्राओं को समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मशीन स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम डिंडोरी सुश्री भारती मेरावी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेंद्र जाटव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया चन्नी तालाब जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण - गुणवत्ता व समय सीमा पर दिए सख्त निर्देश

शहपुरा -

नगर परिषद शहपुरा के वार्ड क्रमांक 13 में अमृत 2.0 योजना के तहत प्रगतिरत चन्नी तालाब जीर्णोद्धार कार्य का बुधवार 4 दिसंबर को मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री रीना राठौर ने उपयंत्री सुश्री रीतिका मरावी के साथ निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया तथा कार्य की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि तालाब का पुनर्निर्माण नगर के लिए महत्वपूर्ण परियोजना है, ऐसे में मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी भी दी ।अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण से यह उम्मीद जताई जा रही है कि चन्नी तालाब का जीर्णोद्धार समय पर पूरा होकर स्थानीय नागरिकों को बेहतर जल संरक्षण व सौंदर्यीकरण की सुविधा मिलेगी।

# 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की प्रभावी गतिविधियाँ जारी

डिंडौरी।

**महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में जन-जागरूकता की प्रभावी गतिविधियाँ निरंतर संचालित की जा रही हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक गांव-गांव पहुँचकर बाल विवाह रोकथाम का संदेश दे रहे हैं तथा समुदाय को सक्रिय रूप से अभियान से जोड़ रहे हैं।**

### अभियान के अंतर्गत विवाह से जुड़े सभी सेवा प्रदाताओं

DJ, बैंड पार्टी, कैटरर, टेंट हाउस संचालक, हलवाई, फोटोग्राफर, मैरिज गार्डन संचालक को विभाग द्वारा लिखित शपथ दिलाई गई कि वे किसी भी बाल विवाह में अपनी सेवा उपलब्ध नहीं कराएँगे।बाल विवाह की आशंका होने पर तत्काल CMPO या पुलिस को सूचना देंगे।इस पहल से बाल



विवाह के संभावित प्रयासों को रोकने में बड़ी सफलता मिलने की संभावनाएँ बढ़ी हैं। धार्मिक स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षकों द्वारा जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों मंदिर, मस्जिद, चर्च एवं गुरुद्वारों—में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में समुदाय के बीच बाल विवाह न करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।विभिन्न धर्मगुरुओं ने सार्वजनिक घोषणा की कि उनके धार्मिक स्थलों पर बाल विवाह नहीं कराया जाएगा।धर्मगुरुओं ने समाज से भी बाल विवाह रोकने की अपील की।साथ ही सभी धार्मिक स्थलों पर थीम आधारित IEC सामग्री, पोस्टर एवं संदेश बैनर प्रदर्शित किए गए।अभियान के अंतर्गत जिले के सभी प्रमुख स्थानों दुकानें, टेंट हाउस, कैटरर, मैरिज गार्डन, ब्यूटी पार्लर, DJ संचालक, बेकरी एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों—पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित स्टिकर लगाए गए।यह स्टिकर अभियान आमजन के बीच यह स्पष्ट संदेश देने में प्रभावी रहा कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है।समाज को इसे रोकने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। जिले की तरह डिंडौरी नगर के वार्ड 1, 4, घानघाट सहित अन्य स्थानों के धार्मिक स्थलों पर भी सामूहिक शपथ दिलवाई गई।स्थानीय समुदाय द्वारा इस पहल को विशेष समर्थन मिला।

## सरकार पर लगाए आरोप, पुलिस के साथ हुई कहा सुनी

# किसानों की समस्याओं के लेकर उग्र हुई कांग्रेस








### धरना देकर कांग्रेसजनों ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में किसानों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। जिला कृषि प्रधान होने बाद भी किसानों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए स्थानीय सुभाष पार्क में धरना देकर रैली निकालकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच भी कहासुनी हुई। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल द्वारा कहा गया कि बेहद अफसोस का विषय है कि जिले के दो विधायक प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। इसके बाद भी जिले का अन्नदाता एक नही अनेक समस्या से जूझ रहा है। बिजली मिल नही रही और अनाप-सनाप बिल आ रहे हैं। गन्ना ओर धान मक्का आदि फसलों का वाजिब दाम किसानों को नही मिल रहा है। खाद की किल्लत भरी हुई है।

### समस्या से जूझ रहे किसान

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जिला कांग्रेस द्वारा किसान आंदोलन के तहत सुभाष पार्क के समीप धरना सभा में लगाए। श्रीमती पटेल ने कहा कि किसान की समस्या को प्रदेश और केन्द्र सरकार सुन नही रही। केवल झूठे वादे और दावे किए जाते हैं। भोपाल से आए प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान ने कहा कि नरसिंहपुर जिले से लेकर पूरे प्रदेश में किसान भारी समस्या से जूझ रहा है और कुछ किसान संगठन सरकार की दलाली कर रहे हैं। जबकि प्रदेश में लगभग 74 प्रतिशत किसान आबादी है। इसके बाद भी किसान की अनदेखी की जा रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसान हितों में कर्ज माफी से लेकर अनेक ऐतिहासिक कदम उठाये और भाजपा किसानों का लगातार शोषण करा रही है।

### गांव - गांव चल रहा अवैध कारोबार

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी ने किसानों की विभिन्न समस्याओं का उल्लेख करते हुए भाजपा को किसान विरोधी बताया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने कहा कि आज अनाज के दाम कम मिल रहे हैं और लागत निरंतर बढ़ रही है। किसान भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष लाखन सिंह पटैल ने आरोप लगाया कि नरसिंहपुर जिले के हर विभाग में भ्रष्टाचार मचा हुआ है। गांव-गांव अवैध कारोबार चल रहे हैं और किसान की कोई सुनने वाला नही। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष पटैल ने किसानों की समस्याओं को गिनाते हुए आरोप लगाया कि हर जगह किसान को ठगा जा रहा है।

### निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

धरना प्रदर्शन सभा के बाद किसानों की अनेक समस्याओं को लेकर सुभाष पार्क चैराहे से लेकर नरसिंह भवन तक प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली गई। यहां पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में मांग की गई है कि मक्का की समर्थन मूल्य पर तत्काल खरीदी हो, धान की खरीदी सुचारू रूप से शुरू हो एवं रेट व्हाया जाये, बिजली के अनाप-शनाप बिल आ रहे हैं, इनमें सुधार हो, किसान को तत्काल खाद उपलब्ध कराया जाए, गन्ना का मूल्य प्रति क्विंटल 400 रू. दिलाया जाए, पान किसानों के लिए पान के रेट बढ़ाये जाये के अलावा अन्य मांगो के निराकरण की मांग की गई। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने प्रदेश सरकार को किसान विरोधी बताया। सभा का संचालन नीलेश जाट एवं आभार प्रदर्शन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने किया।

## खबर संक्षेप

### SIR प्रभारी नियुक्त मनीष ताम्रकार



**गोटेगांव।** बीते दिवस जिला भारतीय जनता पार्टी के भाजपा किसान मोर्चा SIR प्रभारी नियुक्त किए हैं! SIR के महत्व एवं सभी पात्र आम मतदाताओं को जोड़ने को संभव बनाने के दृष्टिकोण से अंतिम तारीख 11 दिसंबर कर दी गई है प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदान किए गए निर्देश अनुसार इस कार्य में अपने संगठन को मंडल एवं पंचायत स्तर तक और सक्रिय सजक करते हुए पूर्णता सफल बनाना है साथ ही इस कार्य में मदद हेतु हर विधानसभा में जिला पदाधिकारी को प्रभारी बनाया गया है ताकि वह सभी मंडल पंचायत एवं वार्डो तक अधिक ध्यान देकर कार्य को पर्याप्त गति दे सके ! इसी क्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालमसिंह पटेल किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहरकांत भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक विधायक महेंद्र नागेश की अनुशंसा पर भाजपा किसान मोर्चा SIR प्रभारी मनीष ताम्रकार पिता शालिग्राम ताम्रकार को बनाया गया है जिसमें स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है वही नवनिर्वाचित SIR प्रभारी मनीष ताम्रकार ने कहा कि पार्टी जो द्वारा जो मुझ पर भरोसा जताया में उस कार्यको पूर्ण ईमानदारी निष्ठा पूर्वक से करूंगा साथ ही पार्टी को मजबूत बनाने हेतु हर संभव प्रयास करूंगा!

### सड़क दुर्घटना से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज में हुई सड़क दुर्घटना में यवुक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कार्तिक कुर्मी पिता करन सिंह कुर्मी उम्र 18 वर्ष निवासी गुटोरी का सड़क दुर्घटना में आई चोटो से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# छात्राओं ने किया विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सीएम राइज विद्यालय की छात्राओं ने मध्यप्रदेश विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। उक्त कार्य पूर्व राज्यमंत्री एवं क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि जालम सिंह पटेल की विशेष पहल पर संभव हुआ। छात्राओं ने तीन दिन पूर्व उनसे विधानसभा भ्रमण कराने का आग्रह किया था, जिस पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए व्यक्तिगत स्तर पर संपूर्ण अनुमति प्रक्रिया पूरी कराई और यात्रा की पूरी व्यवस्था भी स्वयं की विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षिकाओं और छात्राओं का दल नरसिंहपुर से बस द्वारा भोपाल पहुँचा, जहाँ सबसे पहले उन्हें विधानसभा भवन की भव्यता और उसकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया छात्राओं ने विधानसभा के इतिहास, संचालन और विधायी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा उन्हें विभिन्न सदन कक्ष, समिति कक्ष और मीडिया सेंटर भी दिखाए



गए भ्रमण के दौरान छात्राओं की मुलाकात कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से हुई। दोनों मंत्रियों ने छात्राओं से आत्मीयता से बातचीत की, उनके सवालों के जवाब दिए और उन्हें शासन तथा प्रशासन के कामकाज से रूबरू करवाया। छात्राओं ने मंत्रियों से शिक्षा, करियर और नेतृत्व जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका सरल और प्रेरणादायक तरीके से समाधान दिया गया विधानसभा भ्रमण के बाद जालम सिंह पटेल ने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के साथ भोजन भी किया जिससे छात्राओं में विशेष उत्साह और आत्मीयता का सुंदर अहसास हुआ उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक अवसर प्रदान करने का आश्वासन दिया। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा ने न केवल छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि की,बल्कि उन्हें प्रदेश की संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को नजदीक से समझने का अमूल्य अवसर भी प्रदान किया।

## वीरांगना क्लब द्वारा मां नर्मदा की महाआरती व प्रसादी वितरण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अगहन मास की पूर्णिमा पर वीरांगना क्लब, नरसिंहपुर द्वारा श्री नरसिंह मंदिर प्रांगण में माँ नर्मदा की महाआरती, पाठ एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष सविता महोबिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सेवा, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्लब की सचिव पूनम धूर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया, पूर्व मल्टीपल डायरेक्टर रूप कला कटारे, संरक्षक अर्चना राय, पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन, प्रीति गोस्वामी, रेनु नोरिया सहित क्लब की अनेक सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नर्मदा संगठन की सदस्यों का सहयोग रहा।

# गरीब हितग्राहियों को पट्टा योजना का लाभ दिलाने, सिलावट समाज संगठन ने सौंपा ज्ञापन

### शहरी क्षेत्र में पट्टा योजना का काम अत्यंत धीमा

**गोटेगांव।** नगर में सिलावट समाज संगठन मध्यप्रदेश के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने गोटेगांव एसडीएम कार्यालय और नगर पालिका पहुंचकर ज्ञापन सोपा संगठन ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में गरीब हितग्राहियों को पट्टा प्रमाण पत्र प्रदान करने शासन स्तर योजना की शुरुआत हुई है गरीब हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले सकें। जैसे की सरकार का कहना है कि कोई भी गरीब बिना आवास के नहीं रहेगा, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर योजना को सही समय पर लागू नहीं किया। यदि लागू भी कर दी जाती है, तो इसे अत्यंत धीमी गति से संचालित किया जाता है। संगठन का प्रशासन से अनुरोध कि इस योजना पर विशेष ध्यान देकर तीव्र गति से कार्य किया जाए।

### प्रधानमंत्री आवास योजना 2 के लिए पट्टा रजिस्ट्री अनिवार्य -

प्रधानमंत्री आवास योजना 2 के तहत आवास का लाभ लेने के लिए गरीब हितग्राही के पास जमीन की रजिस्ट्री या शासकीय पट्टा प्रमाण होना अनिवार्य है। शहरी क्षेत्रों में अधिकांश लोगों के पास यह पट्टा नहीं है और गरीब हितग्राही इतनी बड़ी रकम खर्च कर जमीन खरीदने में असमर्थ हैं।

### शासन ने की पट्टा योजना आरंभ -

गरीब और वंचितों को प्रधानमंत्री आवास योजना का




लाभ दिलाने के लिए शासन ने पट्टा योजना शुरू की है। आदेशानुसार, जिला नरसिंहपुर के पत्र क्रमांक /582/डडा/2025 दिनांक 20.11.2025 और मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग एवं राजस्व विभाग के पत्र क्रमांक /एफ-4209/2025/18-3 दिनांक 17.11.2025 में निर्देश दिए गए हैं।
मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधुटि अधिकारों का प्रदाय किया जाना) अधिनियम 1984 की धारा 03 एवं 04 में संशोधन के पश्चात, 31.12.2020 की स्थिति में नगरपालिका/विकास प्राधिकरण की भूमि पर काबिज और पट्टाधिकार प्राप्त करने वाले पात्र परिवारों को पट्टा देने के निर्देश दिए गए हैं।
शासन के निर्देशानुसार, जिले की सभी नगरपालिकाओं/ परिषद क्षेत्रों के सभी वार्डों में सर्वेक्षण कार्य के लिए दल का गठन किया गया है। यह दल तहसीलदार गोटेगांव के मार्गदर्शन में कार्य करेगा। सर्वेक्षण के बाद प्रारूपानुसार सूची तैयार कर 13.12.2025 तक शासन को प्रस्तुत की जाएगी, ताकि 14.12.2025 को प्रारंभिक सूची प्रकाशित की जा सके। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।हालांकि योजना की शुरुआत स्वागत योग्य है, लेकिन नगर में गंभीर सवाल भी उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, एसआईआर में लगे कर्मचारी 11 दिसंबर तक अन्य कार्यों में व्यस्त हैं, जिससे सर्वेक्षण कार्य में देरी होने की संभावना है। इसके अलावा, योजना का व्यापक प्रसार भी शासन द्वारा नहीं किया गया, जिससे गरीब और पात्र हितग्राही तक योजना की जानकारी नहीं पहुँच पा रही है।इस संबंध में सिलावट समाज संगठन मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों का कहना है कि इस महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत कई महीने से प्रतीक्षित थी। प्रधानमंत्री योजना का लाभ पाने के लिए लोग लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक धीमापन, कर्मचारियों की व्यस्तता और योजना के प्रचार की कमी योजना की सफलता पर गंभीर प्रश्न चिह्न लगा रही है संगठन की मांग है कि पूर्व में नगर पालिका में जो प्रधानमंत्री आवास की सूची जमा है उसको सार्वजनिक किया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा गरीब हितग्राही को इस योजना को लाभ मिलेगा। वहीं इस योजना का उचित प्रसार-प्रचार कर तत्काल वंचित शहरी हितग्राहियों को शासन की पट्टा योजना का लाभ दिलाया जाए।जिससे गरीब प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित ना हो पाए। इस मामले में एसडीएम संघमित्रा गौतम का कहना है कि मैंने टीम गठित कर दी है और जल्द ही सर्वे का कार्य चालू किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थित

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष परम सिंह सिलावट प्रदेश संरक्षक जितेंद्र चांदोलिया प्रदेश महामंत्री दीनूसिंह छिरा महासचिव देवीसिंह परसवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी संजू चौहान,दिनेश परसवार सरपंच सिमरिया,प्रदेश संयोजक राकेश बझैया, युवा जिला अध्यक्ष मयंक छिरा नगर अध्यक्ष सचिन सिलावट,दीपक बझैया दसरथ सिंह,संतोष दोहैया,मिथुन सिलावट,पंकज परसवार मुकेश सिलावट, शंकर सिलावट, कामथ वार्ड अध्यक्ष नारायण बझैया,यशवंत सिलावट, रवीन्द्र कुमार कमलकांत जारोलिया दुर्गेश सिलावट मोनू परसवार,प्रदीप सिलावट योगेंद्र बरसैया मनोज सिलावट,विनीत छिरा अजय छिरा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## नशीली दवाईयों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध नशीली दवाओं के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अजय महोबिया निवासी गणेश नगर, बरगी कालोनी, थाना स्टेशनगंज, जिला नरसिंहपुर, सुरेन्द्र उर्फ छुट्टन रजक निवासी काछी महोल्ला, शंकर वाड, थाना कोतवाली, जिला नरसिंहपुर से क्लोरफेनिरामाइन मेलीवट इंजेक्शन, एवं फेनिरामाइन मेलीवट इंजेक्शन 60 शीशी, एवं बड़ी मात्रा में सिरिंज एवं नीडल जप्त की गई। आरोपियों के विरूद्ध धारा 5/13 म.प्र. ड्रग कंट्रोल अधिनियम एंव 331(4), 305(म) बी.एन.एस. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### मानसिक अशक्तता बालक से दुष्कृत्य के आरोपी को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा मानसिक अशक्तता से पीडित बालक को घर के अंदर ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी विश्राम उर्फ विशाल धानक आ0 रामेश्वर धानक आयु 28 वर्ष, निवासी ग्राम कौडिया, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोषसिद्ध पाते हुए धारा- 5(I)/6, धारा 5(उ)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में क्रमश 20-20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 3000- 3000- जुर्माना, भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(ख)/2 में 05 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1500- जुर्माना, भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(2) में 01 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500- जुर्माना व धारा 92(डी) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में 06 माह सश्रम कारावास एवं 1000- जुर्माना से दंडित किया गया।

## घटिया निर्माण की पोल खुली, लाखों का सरकारी धन बर्बाद, ग्रामीणों ने जांच की मांग



**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोहचर में हाल ही में सड़कों का निर्माण और कंक्रीटीकरण कार्य कराया गया था। किंतु निर्माण कार्य पूर्ण होने के कुछ ही महीनों बाद सड़कों का टूटना शुरू हो गया, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़कों के निर्माण में मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। उनका कहना है कि निम्न स्तरीय सामग्री और लापरवाही के कारण सड़कें जल्दी ही जर्जर अवस्था में पहुंच गईं। स्थानीयजनों ने यह भी बताया कि निर्माण के दौरान न तो पर्याप्त निगरानी रही और न ही संबंधित इंजीनियर समय पर उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कराने की मांग की है, ताकि दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जा सके। उनका कहना है कि सरकारी धन जनहित के लिए होता है, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों का निर्माण आवश्यक है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों और इंजीनियरों से ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने की अपील की है, जिससे इस प्रकार की लापरवाही को रोका जा सके।

## नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार सूर्यकांत दिवगैंया

### क्षेत्र के प्रतिष्ठित जनों ने पहुंचकर दी श्रंद्धाजलि



**तेंदूखेड़ा।** लगभग चार दशकों से पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले एवं राजनैतिक धार्मिक आध्यात्मिक सांस्कृतिक सेवाभावी गतिविधियों में संलग्न रहने वाले डोभी से जनपद सदस्य सूर्यकांत दिवगैंया का शुक्रवार को अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण असमय दुखद निधन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।श्री दिवगैंया सदैव सेवाभावी गतिविधियों में संलग्न रहने के कारण उनका हर वर्ग से सीधा जीवंत परिचय था उनकी मिलनसारिता क्षेत्र में चर्चित रही है। तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में विगत चालीस वर्षों से संलग्न बनें हुए थे। प्रतिष्ठित समाचार पत्रों से उनका सीधा जुड़ाव रहा एवं क्षेत्रीय समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने वेवाक टिप्पणी के लिए पहचाने जाते थे। उनके निधन पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। सूर्यकांत जी चंद्रकांत कमलकांत दिवगैंया के भाई एवं सुबोधकांत दिवगैंया के पिता थे।

# अल्प प्रवास पर तेंदूखेड़ा पहुंचे बापू





**तेंदूखेड़ा।** अंतराष्ट्रीय संत एवं राजकीय दर्जा प्राप्त संत मुरारी बापू जी महाराज का शुक्रवार को तेंदूखेड़ा के तिवारी परिवार में अल्प प्रवास हुआ।ओशो की जन्मस्थली कुचवाड़ा और फिर गाडरवारा से हेलीकॉप्टर से चलकर बापूजी तेंदूखेड़ा पहुंचे। कृषि उपज मंडी परिसर में बनें हेलीपेड पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात नायक मंदिर परिसर में स्थित श्री रामकुमार कैलाश तिवारी के निवास पर पहुंचे। इस मौके पर वापू जी ने कहा कि सभी धर्म के मार्ग पर निहित हो सभी मिलकर रहें और क्षेत्र की प्रगति परिवार की प्रगति में सहायक बनें। लगभग आधा घंटे रुकने के बाद वापू जी सड़क मार्ग से जबलपुर के लिए रवाना हुये।